गौवंश से भरा कंटेनर पकड़ा, 11 गौवंश मृत मिले

वाहन रूकवाने के दौरान कंटेनर चालक ने एक बाइक को टक्कर मार दी, जिससे मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई

मसूदा, (निसं)। उपखंड क्षेत्र के ग्राम कानपुरा जाटान के पास शुक्रवार देर रात्रि को गौ सेवकों ने गौ वंश से भरे कंटेनर को पकड़ा। मौके पर 11 गौवंश की मौत हो गई एवं काफी संख्या में गौवंश को छुड़वाया।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कुशलपुरा के पास से कुछ लोग दो तीन दिन से गांव के आसपास घूम रही आवारा गायों को एक कंटेनर में भरकर भेजने की फिराक में थे, जिसकी जानकारी गौ सेवकों को मिलने पर गौ सेवक लगातार अपनी नजर रख रहे थे। शुक्रवार देर रात्रि को एक कंटेनर को बुलाकर आवारा गौवंश को उसमें ठूंस-ठूंस कर भरा दिया एवं मौके से रवाना कर दिया गया। जानकारी मिलने पर गौ सेवक मौके पर पहुंचे एवं गाड़ी की पीछा कर ग्राम कानपुरा जाटान के पास पकड़ा। मौके पर ट्रक पर लगे तिरपाल को खोलने पर करीब 11 से ज्यादा गौवंश मृत मिली एवं अन्य गौवंश को छुड़ाया गया। वाहन रूकवाने के दौरान कंटेनर चालक ने एक बाइक को टक्कर मार दी, जिससे मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। वाहन रूकने पर वाहन चालक एवं खलासी को पकड़ने के दौरान कुछ चोट आने पर उनको उपचार के लिए मसूदा चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर मसूदा थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह मय जाप्ते के मौके पर पहुंचे। कंटेनर चालक मध्य प्रदेश के मंदसौर ग्राम मुलस्तानपुरा निवासी शाहिद, जबकि खलासी भीलवाड़ा के चापरेल निवासी बाबूलाल बंजारा बताया जा रहा है। इनका मसूदा चिकित्सालय डॉक्टरों द्वारा उपचार किया गया। कानपुरा जाटान के पास अवैध तरीके से ले जा रहे गौवंश का ट्रक पकड़ने की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और गौवंश की देखभाल शुरू कर गौवंशों को कंटेनर से नीचे उतरा गया। शनिवार को मसूदा पुलिस द्वारा मृतक गौवंश का पोस्टमार्टम करवाकर सभी को एक गड्ढा खुदवाकर अंतिम संस्कार किया गया। वही दो आरोपी पुलिस द्वारा मेडिकल जांच के लिए ले जाते समय पुलिस की गाड़ी से भाग छूटे गौतस्करों की पुलिस तलाश कर रही है।



मसूदा में गौसेवकों ने पुलिस अधिकारी को ज्ञापन दिया।

- वाहन रूकने पर वाहन चालक एवं खलासी को पकड़ने के दौरान कुछ चोट आने पर उनको चिकित्सालय में भर्ती कराया

मसूदा गौसेवकों द्वारा मसूदा उपखंड अधिकारी एवं मसूदा पुलिस उप अधीक्षक मसूदा को राजस्थान के मुख्यमंत्री के नाम लिखित ज्ञापन दिया। ज्ञापन में गो सेवकों ने घटना की पूरी जानकारी दी और बताया कि मसूदा पुलिस के कार्मिक द्वारा उन दो गोतस्करों को मेडिकल के बहाने ले जाया गया और फिर वह तस्करों से मिलीभगत करके उन दोनों गोहत्यारों को भगा दिया गया। पहले भी मसूदा पुलिस थाने के कार्मिक इन गोतस्करों को बचाने में उनकी पूरी मदद कर चुके हैं। मसूदा पुलिस थाने के कार्मिकों के ऐसे व्यवहार को लेकर मसूदा क्षेत्र के लोगों एवं गौसेवकों की टीम में भारी आक्रोश व्याप्त है। गौसेवकों ने गौहत्यारों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की।

एम.डी. चोपदार ने झुंझुनूं विधानसभा से कांग्रेस टिकट की दावेदारी जताई

जयपुर में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा से मिलकर दावेदारी पेश की

झुंझुनूं, (निसं)। राजस्थान मदरसा बोर्ड चैयरमेन एम.डी. चोपदार ने शनिवार को जयपुर में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा से पीसीसी कार्यालय में मुलाकात कर झुंझुनूं विधानसभा के उपचुनाव के संदर्भ में विस्तृत चर्चा की एवं झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों से अवगत करवाया।

चोपदार ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष के सामने झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र से अपनी दावेदारी प्रस्तुत करते हुये कहा कि झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र से अल्पसंख्यक समुदाय के किसी भी व्यक्ति को आज तक प्रतिनिधित्व करने का मौका नहीं दिया गया है। अब समय आ गया है कि उन्हें प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया जाये। चोपदार ने कहा कि वे पिछले 25 वर्षों से पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता के रूप में पार्टी हित में कार्य कर रहे है और 36 बिरादरी के सुख-दु:ख में सदैव उनके साथ रहते हैं।

झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र की जनता के बीच उन्होंने समाजसेवा के रूप में अपनी अलग पहचान बनाई है और सर्व-समाज के साथ उनके अच्छे संबंध है, इसलिये झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र से वे कांग्रेस के उपयुक्त उम्मीदवार साबित होंगे। चोपदार ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष से कहा कि आपके नेतृत्व में झुंझुनूं सहित आगामी होने वाले सभी उपचुनावों में निश्चित रूप से कांग्रेस पार्टी विजय का परचम लहरायेगी। एम.डी. चोपदार ने कहा कि वे अतिशीघ्र ही प्रदेश के प्रभारी एवं वरिष्ठ नेताओं एवं आलाकमान से मुलाकात कर झुंझुनूं विधानसभा से अपनी दावेदारी पेश करेंगे।

राजस्थान मदरसा बोर्ड चैयरमेन एम.डी. चोपदार ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा से मुलाकात की।

11 माह के पुत्र की हत्या के बाद मां ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या की

छबड़ा, (निसं)। बापचा थाना क्षेत्र के बटावदापार गांव में शनिवार दोपहर को गृह क्लेश से तंग आकर विवाहिता ने अपने 11 माह के पुत्र की गला दबाकर हत्या कर दी और स्वयं ने साड़ी का फंदा लगाकर पंखे से झूलकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने मृतका के भाई की रिपोर्ट पर पति के विरूद्ध गैर इरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपी को डिटेन कर लिया।

डीएसपी जेपी अटल ने बताया कि बटावदा निवासी गोलू केवट का विवाह मध्यप्रदेश के गुना जिले के भमाद गांव में कलावती (25) के साथ हुआ था। विवाह के बाद से ही गोलू के चाल-चलन को लेकर दोनों में विवाद चला आ रहा था। आए दिन के विवाद व झगड़े आदि से परेशान होकर शनिवार दोपहर को कलावती ने अपने 11 माह के पुत्र मयंक की गला दबाकर हत्या कर दी और स्वयं साड़ी का फंदा लगाकर पंखे से झूल गई। घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीण मयंक को लेकर निजी चिकित्सक के पास लेकर गए। परंतु, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई की। मृतका के भाई ग्यारसीलाल ने दामाद गोलू के विरूद्ध अपनी बहन को आत्महत्या के लिए मजबूर किए जाने का प्रकरण दर्ज करवाया। पुलिस ने मां-बेटे के शव को देर शाम छबड़ा सीएचसी की मोर्चरी में रखवा दिया जहां रविवार सुबह मेडिकल बोर्ड से दोनो का पीएम किया जाएगा।

- गृह क्लेश से तंग आकर विवाहिता ने कदम उठाया
- मृतका के भाई की रिपोर्ट पर पति के विरूद्ध प्रकरण दर्ज

ससुराल में था पति:- गोलू के ससुराल भमाद गांव में कथा चल रही है। शनिवार को गोलू उसकी पिकअप में ग्रामीणो को लेकर कथा श्रवण के लिए भमाद गांव ले गया था और पीछे से कलावती ने यह कदम उठा लिया।

श्रमिक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

उदयपुर, (निसं)। शहर के सविना थाना क्षैत्र में श्रमिक ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार हसनपुर आजमगढ़ यूपी हॉल डाकन कोटड़ा निवासी लवकुश (20) पुत्र मोईतम चोहान ने अपने कमरें में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। लवकुश मजदूरी करता था एवं अज्ञात कारणों के चलते उसने फांसी लगा ली। इसकी सूचना मिलने पर सविना थाना एएसआई चतरसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

तलाई में नहाते समय तीन बच्चियों व युवती की डूबने से मौत

उदयपुर, (निसं)। जंगल में बकरिया चराने के दौरान तलाई में नहाते उतरी युवती व तीन बच्चियों की पानी में डूबने से मौत हो गई।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार अपरान्ह में कुराबड़ थाना क्षैत्र लालपुरा गांव के समीप स्थित तलाई में नहाने के दौरान खतोलिया सुरो का गुढ़ा निवासी राजु (15) पुत्र नानालाल, तारा (13) पुत्री नानजी, पार्वती (14) पुत्री धर्माजी तथा भूरी (20) पुत्री शंकरलाल की पानी में डबूने से मौत हो गई। राजु, तारा, पार्वती एवं भूरी शुक्रवार अपरान्ह में लालपुरिया के समीप जंगल में बकरियां चराने के लिए गई थी। जहां बकरियां छोड़ कर सभी नाड़ी में नहाने के लिए उतरी जहां एक दूसरे को डूबने से बचाने के प्रयास में सभी की पानी में डूब गए। आसपास के लोगों की सूचना पर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

इधर सूचना मिलने पर कुराबड़ थानाधिकारी मय जाप्ता मौके पर पहुंचकर सिविल डिफेंस टीम को एवं उच्चाधिकारियों को सूचना दी। इस पर पुलिस उप अधीक्षक गिर्वा गजेन्द्रसिंह राव, नायब तहसीलदार कालुसिंह मौके पर पहुंचे। जहां ग्रामीणों की मदद से सभी मृतकों को बाहर निकाल कुराबड़ चिकित्सालय मोर्चरी में रखवाया। इधर सिविल डिफेंस की टीम के विपुल चौधरी, विजय बंदवाल, भवानी शंकर, कैलाश मैनारिया, विष्णु राठौड़, मुकेश सेन भी मौके पर पहुंचे।

तीन दिन से लापता युवक का शव मिला

भीलवाड़ा, (निसं)। जिले के करेड़ा थाना क्षेत्र में तीन दिन से घर से लापता युवक का शव गांव के बाहर एक बाड़े में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फेल गई।

प्रभारी अर्जुन लाल गुर्जर ने बताया था कि तीन दिन पूर्व करेड़ा थाना क्षेत्र के छपरा गांव का प्रहलाद सिंह उम्र 30 वर्ष के परिजनों ने थाने में गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिसको लेकर तलाश की जा रही थी। वहीं आज छपड़ा गांव के बाहर ही बाड़े के अंदर प्रहलाद सिंह का शव मिल गया। वहीं पुलिस द्वारा डॉग स्क्वायड व एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाया गया। जांच के बाद ही हत्या या आत्महत्या का खुलासा होगा।

प्रेमी के संग मिलकर बहिन ने भाई की हत्या की, दो गिरफ्तार

डूंगरपुर, (निसं)। बिछीवाड़ा थानान्तर्गत तलैया फला दरिया पाडा में एक बहिन ने अपने प्रेमी के संग मिलकर अपने ही भाई की हत्या कर दी। पुलिस ने मामले में निर्मला व प्रेमी लक्ष्मण को गिरफ्तार कर लिया है और इसमे सम्मिलित एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

घटना के अनुसार 27 अगस्त को तलैया फला दरिया पाडा निवासी महेन्द्र पुत्र कावजी गमेती ने एक रिपोर्ट दर्ज करवाई, जिसमें बताया कि उसके पिता कावजी पुत्र सोमा गमेती 26 अगस्त की रात को खाना खाकर रोड पर बने दूसरे मकान में सोने चले गये। दूसरे दिन जब उसके घर नहीं आये तो उसके भाणेज जयेश अहारी को देखने भेजा। वहां पर उसने देखा कि किवाड़ खुला हुआ था और घर में कोई नहीं था, जिस पर प्रार्थी व उसकी मां दोनों ही मौके पर गये, तो घर में सारा सामान जला हुआ था और कावजी की लाश जली पड़ी हुई थी। जैसे यह दृश्य देखा तो उन्होंने आवाज लगाकर परिजनों को बुलाया और घटनाक्रम से पुलिस को अवगत कराया। प्रार्थी की रिपोर्ट के आधार पर हत्या का मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी थी। इस संबंध में जिला पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन ने एक विशेष टीम का गठन किया तथा तकनीकी रूप से इस पूरे प्रकरण की जांच करवाने के साथ साथ मेडिकल बोर्ड से मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया।

बिछीवाडा थाना पुलिस द्वारा हत्या के मामले में आरोपियों को गिरफ्तार किया।

- घटना में सम्मिलित एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं
- जिला पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन ने एक विशेष टीम का गठन किया तथा मेडिकल बोर्ड से मृतक का पोस्टमार्टम कराया

एफएसएल मोबाईल टीम एवं महत्व साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने लक्ष्मण पुत्र नाना गमेती निवासी तलैया फला दरिया पाडा व मृतक की पुत्री निर्मला उर्फ मंजूला पत्नी देवीलाल अंसारी निवासी पुनरावाडा से पूछताछ की तो यह बात सामने आई कि निर्मला के उसके पीहर के परिवार में ही लक्ष्मण के साथ अवैध संबंध थे, जिसको लेकर उसके पति देवीलाल ने कावजी व उसके परिवार जनों को अवगत भी कराया था और इस बात को लेकर जब निर्मला को परिवार जनों ने फटकार लगाते हुए उसके साथ संबंध नहीं रखने के लिए ताकित किया था।

इसी बात से निर्मला व उसका प्रेमी लक्ष्मण ने कावजी को रास्ते से हटाने का प्लान बनाया। और फिर उन्होने अपने एक ओर अन्य साथी के साथ मिलकर जैसे ही 26 अगस्त की रात्रि को कावजी घर में सोने गया और आधी रात को मकान के अन्दर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। जिससे कावजी की जलने से मौत हो गई। पुलिस ने निर्मला व लक्ष्मण को गिरफ्तार कर लिया है और इसमे सम्मिलित एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

पदोन्नति के लिए महिला-पुरुष जवानों ने लगाई दौड़

अजमेर, (कासं)। राजकीय रेलवे पुलिस के पुरुष एवं महिला कांस्टेबलों ने पदोन्नति के लिए लगभग दो किलोमीटर की दौड़ लगाकर अपनी शारीरिक क्षमता का परिचय दिया। जीआरपी में 112 पदों पर महिला-पुरुषों की पदोन्नति होगी।

पदोन्नति के लिए परीक्षाएं भी आयोजित की जा रही है जिसके आधार पर जवानों को हैड कांस्टेबल पद पर पदोन्नति दी जाएगी। जीआरपी के पुलिस अधीक्षक राम मूर्ति ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार को हैड कांस्टेबल के पद पर पदोन्नति हेतु परीक्षा के लिए तीन सदस्यीय बोर्ड बनाया गया है। इसमें आईजी, जीआरपी, पुलिस अधीक्षक जीआरपी एवं एडिशनल एसपी हाड़ीरानी को शामिल किया गया है। शनिवार को सीआरपीएफ ग्रुप संख्या एक के दक्षिणी छोर से प्रारंभ हुई यह दौड़ इंडिया मोटर चौराहा स्थित जीआरपी लाइन पर संपन्न हुई।

पुलिस अधीक्षक राम मूर्ति ने बताया कि आउटडोर प्रतियोगिता के अंतर्गत अन्य गतिविधियों को भी शामिल किया गया है जिसके आधार पर सभी जवानों को अलग-अलग नंबर दिए जाएंगे और इसके उपरांत इसमें सफल पुरुष में महिला कांस्टेबल को हेड कांस्टेबल पद हेतु चयनित कर उसका रिजल्ट घोषित किया जाएगा।

इस दौड़ के सफल संचालन हेतु पूरे दौड़ मार्ग पर दोनों और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए, साथ ही किसी भी गड़बड़ी की आशंका को देखते हुए पूरी दौड़ की वीडियोग्राफी की गई तथा उच्च अधिकारियों की देखरेख में दौड़ को संपन्न कराया गया। सीआरपीएफ पुलिया से शुरू होकर कुंदन नगर चौराहा एवं रेलवे कॉलोनी मार्ग से होते हुए जीआरपी लाइन पर संपन्न हुई।

पोस्टमैनों की बीट कम करने पर डाककर्मी हुये आन्दोलनरत

कोटा, (निसं)। राजस्थान डाक प्रशासन के अधिकारीयों द्वारा कोटा शहर के दस वितरण डाकघरों में से डाक वितरण व्यवस्था बंद कर सम्पूर्ण कोटा शहर में दो डाकघरों से कराये जाने एवं साथ ही पोस्टमैनों की बीटें 79 में से आधी से कम करने की कार्य योजना को लेकर डाककर्मीयों में रोष व्याप्त हैं।

पोस्टमैनों की बीटे कम किये जाने के विरोध में नई धान मण्डी प्रधान डाकघर में सभी पोस्टमैनों द्वारा बैठक आयोजित कर विरोध जताया गया। भारतीय डाक कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष नरेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि प्रशासन द्वारा अभी नयापुरा, रामपुरा, नई धानमण्डी डाकघर में पोस्टमैनों की बीटे पहले कार्यरत पोस्टमैनों से आधी कर दी है जिसके कारण डाक व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। साथ ही पोस्टमैन सुबह आठ बजे से शाम छ बजे तक डाक बांट रहा है फिर भी क्षेत्र अधिक होने से डाक बंट पाना सम्भव नही पा रहा है जिसके कारण डाकघरों में पेडिग डाक की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। कोटा शहर में नये पोस्टमैन लगाने की आवश्यकता है लेकिन प्रशासन कार्यरत पोस्टमैनों की संख्या को ही आधी से कम कर रहा है जिसके कारण कोटा शहर की डाक व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ना प्रारम्भ हो गया है।

लोक अदालत के फैसले से पीड़ित को राहत मिली

जोधपुर, (कास)। स्थाई लोक अदालत, जोधपुर महानगर के महत्वपूर्ण फैसले से एक पीड़ित तो बड़ी राहत मिली है। जानकारी के अनुसार नाइन 2 नाइन सुपर मार्केट की मालिक कांता देवी कांकरिया की दुकान तीसरी बी रोड सरदारपुरा में थी। उनकी किराए की दुकान थी। इनकी दुकान के पास ही पड़ौसी द्वारा नींव खुदाई की जा रही थी। नींव वास्ते खुदाई कार्य करने से 22 मई 2018 को उनकी दुकान गिर गई।

परिणाम स्वरूप दुकान के अन्दर रखे हुए सामान और कंप्यूटर आदि का भारी नुकसान हो गया। उन्होंने नुकसान की भरपाई के लिए बीमा कंपनी से निवेदन किया, लेकिन बीमा कंपनी ने यह कहकर दावा खारिज कर दिया कि इस तरह का नुकसान बीमा पॉलिसी में आवरित नहीं होकर अपवर्जित है। इस पर व्यथित कांता देवी कांकरिया ने अपने अधिवक्ता अनिल भंडारी के मार्फत स्थाई लोक अदालत में परिवाद पेश कर न्याय की गुहार लगाई। अधिवक्ता भंडारी ने स्थाई लोक अदालत में कहा कि बीमा कंपनी और उनके सर्वेयर ने बीमा पॉलिसी की जोखिम की व्याख्या संकुचित मानसिकता के आधार पर की है, जबकि किसी भारी वाहन या अन्य उपकरण के कम्पन से भी बीमाधारी को नुकसान होता है, तो भी बीमा कंपनी नुकसान के वास्ते दाई है। बीमा कंपनी की ओर से कहा गया कि उन्होंने बीमा पॉलिसी के प्रावधानों के तहत दावा सही तरीके से खारिज किया है। बीमाधारक के भवन के आसपास तृतीय पक्ष द्वारा नींव की खुदाई के दौरान बीमाधारी की संपत्ति को हुए नुकसान के वास्ते शॉपकीपर्स बीमा पॉलिसी के तहत बीमा कंपनी दावा भुगतान वास्ते जिम्मेदार है। अधिवक्ता अनिल भंडारी के तर्क को सही मानते हुए स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष सुकेश कुमार जैन और सदस्य जेठमल पुरोहित तथा माणकलाल चांडक ने परिवाद मंजूर करते हुए यह व्यवस्था दी कि खुदाई कार्य में प्रार्थी की कोई गलती नहीं थी। यह नुकसान तृतीय पक्ष की वजह से हुआ है, सो परिवादी दावा प्राप्त करने का हकदार है। उन्होंने बीमा कंपनी को दावा राशि ब्याज सहित 19 लाख 68 हजार 795 रुपए और वाद व्यय पांच हजार रूपए दो माह में अदा करने का आदेश दिया, अन्यथा इस राशि पर निर्णय से 8 फीसदी ब्याज देना होगा।

- बीमा कंपनी को दावा राशि ब्याज सहित अदा करने का आदेश दिया

स्कूटी चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

बूंदी, (निसं)। कोतवाली थाना पुलिस बूंदी द्वारा कार्यवाही करते हुये बूंदी शहर में आजाद पार्क के पास से स्कूटी चोरी के मामले में चोरी का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की एक स्कूटी बरामद करने में सफलता प्राप्त की है।

जिला पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद ने बतायाकि फरियादी कन्हैया लाल सोनी निवासी देवपुरा पेट्रोल पंप के पीछे देवपुरा की रिपोर्ट ओर कार्रवाई करते हुए कोतवाली पुलिस टीम द्वारा शहर के सीसीटीवी फुटेज व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुये स्कूटी चोरी मामले में दो आरोपी वारिस खान पुत्र वाहिद उम्र 27 साल निवासी बीड के बालाजी, बिलाता रोडा गिरधरपुर थाना कुन्हाडी कोटा व राजेश मेवाडे पुत्र शिवनारायण मेवाडे (38) निवासी 37/1 संकटमोचन कॉलोनी, दरगाह के पास, ब्यावरा रोड राजगढ़ थाना राजगढ जिला राजगढ एम.पी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी की स्कूटी भी बरामद की है।

- पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की स्कूटी बरामद की

होमवर्क नहीं करने पर नाबालिग बच्चे को क्लास टीचर ने पीटा

प्राइवेट स्कूल की क्लास टीचर द्वारा मारपीट के बाद से बच्चा डरा-सहमा हुआ है

भीलवाड़ा, (निसं)। शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र स्थित एक प्राइवेट स्कूल की क्लास टीचर ने एक नाबालिग बच्चे को होमवर्क नहीं करने पर इस कदर पीटा कि बच्चा दर्द से तड़प उठा और उसके शरीर पर चोट के निशान पड़ गए। मामला जब परिजनों को पता चला तो बात थाने तक जा पहुंची।

पिता सैयद रईस ने बताया कि मेरा नौ वर्षीय पुत्र सैयद आहान बाबा धाम रोड गायत्री नगर भीलवाड़ा के एक निजी स्कूल में कक्षा चार में अध्ययन करता है, जो रोज नियमित रूप से स्कूल जाता है, लेकिन 8 से 10 दिन पूर्व मेरे पुत्र की तबीयत खराब होने से वह स्कूल नहीं जा पाया जिससे उसका होमवर्क समय पर नहीं हो पाया, जिसके कारण 28 अगस्त को आहान स्कूल गया, जहां स्कूल की एसएसटी क्लास टीचर पूजा ने उनके नाबालिग पुत्र द्वारा समय पर होमवर्क नहीं करने की मामूली बात को लेकर उसके साथ डंडे से गंभीर मारपीट की, जिससे आहान के हाथ में कंधे के पास नील जम गई और अंदरुनी गिठानें बन गई और यही नहीं टीचर ने बेरहमी से पुत्र को थप्पड़ भी मारा और हाथ पर डंडे मारे जिससे उसके अंगूठे में भी अंदरूनी चोट आई है, जिसका उसका अंगूठा भी ठीक से काम नहीं कर रहा है।

- पिता ने स्कूल जाकर प्रिंसिपल से शिकायत की तो उन्होंने कहा कि अगर बच्चे काम नहीं करते हैं तो हम तो उन्हें ऐसे ही मारते हैं

घटना के बाद से पुत्र काफी डरा हुआ, सहमा हुआ है। घटना के दिन ही शाम को जब आहान ट्यूशन जाने के लिए निकला तो उससे बेग कंधे पर नहीं लिया जा रहा था, तब उसकी मां ने वजह पूछी तो उसने रोते हुए सारी घटना बताइ और चोटें दिखाई। पिता ने स्कूल जाकर प्रिंसिपल से शिकायत की तो उन्होंने ही कहा कि अगर बच्चे काम नहीं करते हैं तो हम तो उन्हें ऐसे ही मारते हैं। तुम तुम्हारे बच्चे को यहां पढ़ना है तो पढ़ाओ नहीं तो यहां से लेकर जाओ और मुझे अभद्र व्यवहार कर स्कूल से निकलवा दिया। पीड़ित के पिता ने मामले में प्रताप नगर थाने में रिपोर्ट दी है।

मारपीट से आहत बच्चा।